Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُوَفِّيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ وَيَزِيْدُهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद : अत: वे लोग जो ईमान लाए और नेक-आमाल बजा लाए तो वे उनको उनका भरपूर प्रतिफल प्रदान करेगा और अपने फ़ज़ल से उनको मज़ीद देगा।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 6
अंक- 14

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

25 शअबान 1442 हिज्री कमरी 08 शहादत 1400 हिज्री शम्सी 08 अप्रैल 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

इस्तेखारे की दुआ

اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْتَخِيْرُكَ بِعِلْمِكَ وَاَسْتَقْدِرُكَ بِقُدْرَتِكَ وَاَسْاَلُكَ مِنْ فَضْلِكَ الْعَظِيْمِ فَاِنَّكَ تَقْدِرُ وَلَا اَقْدِرُ وَتَعْلَمُ وَلَا اَعْلَمُ وَاَنْتَ عَلَّامُ الْغُيُوْبِ اَللّٰهُمَّ اِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ اَنَّ هٰذَا الْاَمْرَ خَيْرٌ لِّيْ فِيْ دِيْنِيْ وَمَعَاشِيْ وَعَاقِبَةِ اَمْرِيْ (اَوْقَالَ عَاجِلِ اَمْرِيْ وَآجِلِهٖ) فَاقْدُرْهُ لِيْ وَيَسِّرْهُ لِيْ ثُمَّ بَارِكْ لِيْ فِيْهِ وَاِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ اَنَّ هٰذَا الْاَمْرَ شَرٌّ لِّيْ فِيْ دِيْنِيْ وَمَعَاشِيْ وَعَاقِبَةِ اَمْرِيْ (اَوْقَالَ فِيْ عَاجِلِ اَمْرِيْ وَآجِلِهٖ) فَاصْرِفْهُ عَنِّيْ وَاصْرِفْنِيْ عَنْهُ وَاقْدُرْ لِيَ الْخَيْرَ حَيْثُ كَانَ ثُمَّ اَرْضِنِيْ بِهٖ قَالَ وَيُسَمِّيْ حَاجَتَهٗ

हे मेरे अल्लाह ! मैं तुझ से तेरे इलम के अधीन बेहतरी चाहता हूँ और तेरी क़ुदरत की बदौलत ताक़त चाहता हूँ और तेरे बहुत ही बड़े फ़ज़लों का तुझसे प्रश्न करता हूँ। तुझ को क़ुदरत है मुझे क़ुदरत नहीं और तुझ को ज्ञान है मुझे ज्ञान नहींऔर तू भविष्य की बातों को ख़ूब जानने वाला है। हे मेरे अल्लाह! यदि तू जानता है कि यह काम मेरे लिए धर्म में और मेरी रोज़ी में और मेरे उस काम के अंजाम के लिहाज़ से बेहतर है (या फ़रमाया : उस वक़्त या भविष्य के लिए बेहतर है) तू मुझे वह नसीब कर और उसको मेरे लिए आसान कर दे और फिर इस में मेरे लिए बरकत डाल और यदि तू जानता है कि यह काम मेरे लिए मेरे धर्म में और मेरी रोज़ी में और मेरे इस काम के अंजाम के लिहाज़ से नुक़्सानदेह है या फ़रमाया : उस वक़्त और भविष्य के लिए हानिकारक है) तू उस को मुझसे हटा दे और मुझे भी उस से हटा दे और जहां मेरे लिए भलाई मुक़द्दर हो, वहां से मुझ को प्रदान कर। फिर मुझे उस पर राज़ी रख। रावी कहते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया और दुआ में अपने काम का नाम ले।

(बुख़ारी, भाग 2 किताब तहज्जुद, प्रकाशन क़ादियान 2006)

जैसे अल्लाह तआला हमारी भूलों पर शीघ्र नज़र नहीं करता और अपनी सुतारी के कारण अपमानित नहीं करता तो हमको भी चाहिए कि हर ऐसी बात पर जो किसी दूसरे की लज्जा या अपमान पर आधारित हो शीघ्र मुँह न खोलें।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सत्तारी

ख़ुदा तआला की सत्तारी ऐसी है कि वह इन्सान के गुनाह और भूलों को देखता है लेकिन अपनी इस विशेषता के कारण उस के ग़लत कामों को उस समय तक जब तक कि वह मध्य मार्ग की सीमा से न गुज़र जाएं ढाँपता है परन्तु इन्सान किसी दूसरे की ग़लती देखता भी नहीं और शोर मचाता है। असल बात यह है कि इन्सान कम हौसला है और ख़ुदा तआला की ज़ात सहनशील तथा दयालु है अत्याचारी इन्सान अपने नफ़्स पर ज़ुल्म कर बैठता है और कभी कभी ख़ुदा तआला के दया पर पूरी सूचना न रखने के कारण बेबाक हो जाता है उस वक़्त इंतिक़ाम का गुण काम करता है और फिर उसे पकड़ लेता है। हिन्दू लोग कहा करते हैं कि परमेश्वर ओरात में वीर है। अर्थात ख़ुदा सीमा से बढ़ी हुई बात को प्रिय नहीं रखता। परन्तु इस के बावजूद भी वह ऐसा दयालु तथा कृपालु है कि ऐसी अवस्था में भी यदि इन्सान निहायत विनय तथा विनम्रता के साथ अल्लाह तआला के दरवाज़ा पर जा गिरे तो वह रहम के साथ इस पर नज़र करता है। सार यह है कि जैसे अल्लाह तआला हमारी भूलों पर शीघ्र नज़र नहीं करता और अपनी सत्तारी के कारण अपमानित नहीं करता तो हम को भी चाहिए कि हर ऐसी बात पर जो किसी दूसरे की लज्जा या अपमान पर आधारित हो शीघ्र मुँह न खोलें।

अज्ञानता का ईलाज इस्तिग़फ़ार है

कई लोगों की अवस्था ऐसी होती है कि उनको ऐसे माध्यम मिल जाते जाते हैं जैसे नौकरी या कोई और कारण कि उनकी उम्र का एक बड़ा हिस्सा अन्धकारमय हालत में गुज़रता है। न नमाज़ की पाबंदी तरफ़ ध्यान करते हैं,न अल्लाह तआला की बात की तरफ और और न रसूल की बात को सुनने का अवसर मिलता है। अल्लाह तआला की किताब पर ग़ौर करने का उनको ख़्याल तक भी नहीं आता। ऐसी अवस्था में जब एक ज़माना आन्धकार का गुज़र जाए तो ये विचार दृढ़ हो कर आदत का रंग धारण कर लेते हैं। अत: उस समय यदि इन्सान तौबा और इस्ति-ग़फ़ार की तरफ़ ध्यान न करे तो समझो कि बड़ा ही बदक़िस्मत है। ग़फ़लत और सुस्ती का बेहतरीन ईलाज इस्तिग़फ़ार है। पहले की अज्ञानताओं और सुस्तियों के कारण से कोई परीक्षा भी आ जाए तो रातों को उठ उठकर सज्दे और दुआएं करे और ख़ुदा तआला के समक्ष एक सच्ची और पवित्र तबदीली का वादा करे।

(मल्फ़ूज़ात, भाग 1, पृष्ठ 273 से 274 प्रकाशन कादियान 2018)

इन्सान जो सज़ाएं देते हैं उनका प्रभाव केवल शरीर पर पड़ता है और हृदय को वे डराने करने की ताक़त नहीं रखते लेकिन अल्लाह तआला चूँकि दिलों पर भी क़ाबिज़ है उसक दंड न केवल शरीर पर नाज़िल होती है बल्कि दिलों पर भी और इस तरह दलों को पवित्र किया जाता है

وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ نُوْحٍ ۘ اِذْ قَالَ لِقَوْمِهٖ يٰقَوْمِ اِنْ كَانَ كَبُرَ عَلَيْكُمْ مَّقَامِيْ وَتَذْكِيْرِيْ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ فَعَلَى اللّٰهِ تَوَكَّلْتُ فَاَجْمِعُوْٓا اَمْرَكُمْ وَشُرَكَآءَكُمْ ثُمَّ لَا يَكُنْ اَمْرُكُمْ عَلَيْكُمْ غُمَّةً ثُمَّ اقْضُوْٓا اِلَيَّ وَلَا تُنْظِرُوْنِ

(सूरत यूनुस आयत : 72) की तफ़सीर में सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं :

इस आयत में यह बताया गया है कि कामिल तदबीर किस तरह की जाती है और इसके लिए पाँच तरीक़ बताए। (1) मश्वरा करके एक राय पर जमा हो जाना चाहीए। जब तक कोई क़ौम ऐसा नहीं करेगी वह कभी जीत नहीं सकती। (2) अपने हम-ख़याल लोगों को एक निज़ाम के अधीन ले आना चाहीए। (3) इस राय को पूरा करने के लिए एक तफ़सीली तजवीज़ सोच लेनी चाहीए। या दूसरे लफ़्ज़ों में तफ़सीली नक़्शा तैयार कर लेना चाहीए। (4) बिना परेशानी के ताक़त के एक ही वक़्त में सब ताक़त को ख़र्च करने की कोशिश करना चाहीए ताकि सारी क़ौम का ज़ोर एक ही वक़्त में दुश्मन पर पड़े। (5) हमला करने के बाद दुश्मन को सांस लेने का भी अवसर नहीं देना चाहीए क्योंकि इस सूरत में दुश्मन फिर ताक़त पैदा करलेगा। पहला हमला ख़त्म नहीं होने पाए कि दूसरा शुरू हो जाएगी। समस्त नबी इसी तरीक़ पर कारबन्द होते चले आए और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम का भी यही तरीक़ था। आप एक विज्ञापन निकालते अभी इस का चर्चा जारी होता कि दूसरा और निकाल देते थे।

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-5)

सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का अख़बार DIE ZEIT को इंटरव्यू

एक महिला प्रोफ़ैसर ने प्रश्न किया कि जर्मनी में आपकी कम्यूनिटी काफ़ी ACTIVE है। अब आपका आगे का क्या प्लान है

एक प्रश्न यह किया गया कि आप का पाकिस्तान वापस जाने का कोई इरादा और प्रोग्राम है आपके लोग देश प्रेमी हैं?

एक प्रोफ़ैसर ने यह प्रश्न किया कि आपकी महिलाए आज़ाद नहीं हैं। डांसिंग के प्रोग्रामों में नहीं जातीं। थेटर में जाने पर पाबंदी है

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

"बैयतुल आफ़ियत"

मज्लिस अन्सारुल्लाह और लजना इमाल्लाह जर्मनी के मर्कज़ी दफ़ातिर के उद्घाटन के अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का ख़िताब

तशह्हुद,ताव्वुज़ और तसमीया के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया

अलहमदु लिल्लाह कि मज्लिस अन्सारुल्लाह जर्मनी और लजना इमाल्लाह जर्मनी को एक बड़ी इमारत अल्लाह तआला ने ख़रीद ने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई। उस का नाम "बैयतुल आफ़ियत" मैंने इस लिए रखा था कि आज कल उमूमन यह एतराज़ पाया जाता है कि शायद मुस्लमान सांप्रदायिकता की शिक्षा देने वाले हैं और सांप्रदायिकता पर अमल करने वाले हैं। जबकि कि अहमदिया की Image बाकी देशों की तरह जर्मनी में भी बड़ी अच्छी है और लोगों में भी अच्छा तास्सुर क़ायम है और हुकूमत के हलक़ों में भी क़ायम है कि ये अम्न पसंद जमाअत है। लेकिन वैसे भी इसका प्रकटन भी होते रहना चाहीए और ये सदैव का प्रकटन है। दुनिया को पता लगे कि यहां जो इमारत अब जमाअत अहमदिया की ज़ेली तन्ज़ीमों के ज़ेर-ए-इस्तेमाल आने वाली है वह किसी देहश्तगर्दी के मक़ासिद को पूरा करने वाली नहीं बल्कि हमने एक आफ़ियत का हिसार बनने के लिए यहां क़दम रखा है और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम ने यही फ़रमाया था कि आप इस ज़माना में आफ़ियत का हिसार बनने के लिए ही आए हैं। आप अलैहिस्सलाम ने अपनी एक किवता में फ़रमाया कि :

हैं दरिंदे हर तरफ मैं आफ़ियत का हूँ हिसार

तो इस आफ़ियत के हिसार का प्रकटन प्रत्येक जगह प्रत्येक अहमदी से होना चाहीए और अन्सारुल्लाह की आयु एक ऐसी आयु है जिसमें एक बड़ी पुख़्ता सोच बन जाती है और इस सोच के साथ उनको जहां ग़ैरों में इस बात को मज़ीद सुदृढ़ करना है कि जमाअत अहमदिया एक ऐसी जमाअत जो इस्लाम की हक़ीक़ी तस्वीर प्रस्तुत करते हुए प्रेम मुहब्बत और सलामती की न केवल शिक्षा देती है बल्कि संसार को इस में समेटती भी है और अपने प्रत्येक प्रकटन से अपने प्रत्येक अमल से यह जमाअत एक ऐसी पनाह-गाह है जिस में प्रत्येक सुरक्षित है।

अन्सारुल्लाह का एक तो बाहर का प्रकटन है। दूसरे अपने घरों में भी आपकी ऐसी अमली तस्वीर बननी चाहीए और आप के बच्चे और आपकी बीवी आप के घर वाले आप के ख़ानदान वाले इस बात को समझने वाले हों और यक़ीन रखने वाले हों कि हमारे घरों के जो निगरान हैं जिनको अल्लाह तआला ने हमारा निगरान बनाया है यह न केवल हमारी ज़ाहिरी ज़रूरीयात पूरी करने वाले हैं बल्कि प्रत्येक किस्म की आफ़ियत हमें उनसे मिलने वाली है। हमारी भावनाओ का ध्यान रखने वाले हैं। हमारे घरों के सुकून का ध्यान रखने वाले हैं अपने बच्चों की तालीम-ओ-तर्बीयत का ध्यान रखने वाले हैं।

इसी तरह लजना इमाल्लाह है उनको भी याद रखना चाहीए कि कुछ लोगों में एक तास्सुर इन मुल्कों में रहते हुए पैदा हो जाता है कि शायद यह आज़ादी जो है वह ही संसार की तरक़्क़ी का कारण है। ग़लत किस्म की आज़ादी। इस्लाम आज़ादी देता है लेकिन वह आज़ादी जो ख़ुदा तआला के अहकामात के अंदर रहते हुए क़ायम हो और प्रत्येक मेंबर लजना और प्रत्येक लड़की पंद्रह वर्ष की आयु से लजनात की मेंबर बन जाती है। हर लड़की जो लजना में दाख़िल होती है उसको यह एहसास होना चाहीए कि हक़ीक़ी आफ़ियत हक़ीक़ी पनागाह इसी में है कि हम अल्लाह तआला के अहकामात पर अमल करें न कि लोगों की ज़ाहिरी चका-चौंद और आज़ादी को देख कर उनके पीछे चलने वाले हों।

अत: जब इस इमारत में आप के दफ़ातिर क़ायम हुए हैं यहां जब आप Planing करेंगे। यहां जब आप मीटिंग करेंगे। यहां जब आप मंसूबा बंदी करेंगे तो हमेश ही याद रखें और यहां आने वाली प्रत्येक मेंबर को याद रखना चाहीए और प्रत्येक आने वाले मेंबर को याद रखना चाहीए कि इस ने अपने प्रकटन से अपने हर अमल से इस बात का प्रकटन करना है कि जमाअत अहमदिया के घरों में भी अमन और सुकून है और जमाअत के माहौल में और बाहर भी अमन और सुकून है। और हमने हक़ीक़ी इस्लामी शिक्षा पर अमल करना हैं।

फिर जब भी एक नई इमारत ख़रीदी जाती है अल्लाह तआला के हम शुक्रगुज़ार होते हैं। वहां अल्लाह तआला के हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम के इल्हाम के प्रकटन को देखते हैं जो अल्लाह तआला ने आपको इल्हाम फ़रमाया था कि وَسِّعْ مَكَانَكَ कि अपने मकानों को बड़ा करो और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअती ज़रूरीयात बढ़ती जा रही हैं। कहाँ वह क़ादियान था ।कहाँ जर्मनी और संसार के दूसरे देशों हैं जहां हर-रोज़ एक नया रुख मकानियत के बड़े करने का हमें नज़र है।

अत: इस बात को भी याद रखें कि जब अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम को यह फ़रमाया कि وَسِّعْ مَكَانَكَ तो उस समय कोई सुविधाएँ नहीं थी। लेकिन यह केवल इरशाद नहीं था यह केवल हुक्म नहीं था बल्कि एक भविष्यवाणी भी थी कि तुम्हें इस हालत में कि जबकि तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है और वह हालत यह थी कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम ने फ़रमाया कि मुझे इल्हाम हुआ وَسِّعْ مَكَانَكَ और मेरे पास मकानियत की वुसअत के लिए कोई रक़म नहीं। पाँच रुपय देकर एक व्यक्ति को भेजा कि बटाला जाओ कुछ लकड़ी, पछयां और काने ले आओ ताकि अल्लाह तआला के इल्हाम को पूरा करने के लिए एक छप्पर डाल दें।

आज इस छप्पर का संसार के 206 देशों में फैलाओ हो चुका है। और वह छप्पर-छप्पर नहीं रहा बल्कि कंक्रीट की मज़बूत इमारतें बन चुकी हैं। अत: यह अल्लाह तआला का केवल एक हुक्म नहीं था बल्कि एक भविष्यवाणी थी जो प्रत्येक नई इमारत में हम पूरा होते हुए देखते हैं। अत: इस लिहाज़ से भी हमें शुक्रगुज़ार होना चाहीए कि अल्लाह तआला जमाअत को जिस तरह लोग में वुसअत अता फ़र्मा रहा है इसी तरह अपने वादों के अनुसार मकानियत में वुसअत अता फ़र्मा रहा है। लेकिन यह भी याद रखें कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम के आने का एक उद्देश्य रूहानियत में तरक़्क़ी भी था। इस में भी प्रत्येक लजना मेंबर को प्रत्येक नासिर को प्रत्येक ख़ादिम को प्रत्येक जमाअत के व्यक्ति को वुसअत पैदा करने की आवश्यकता है। अपनी रूहानियत को बढ़ाने की आवश्यकता है अपने सम्बन्ध को अल्लाह तआला से पहले से ज़्यादा बढ़ाने की आवश्यकता है। तब ही हम हक़ीक़ी रंग में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम के आने के उद्देश्य को पूरा करने वाले होंगे। और जहां तक अन्सारुल्लाह का प्रश्न है तभी वह इस बात के हक़दार होंगे कि कह सकें हम अन्सारुल्लाह हैं।और तब ही लजना इमाल्लाह यह कहने की हक़दार होगी कि हम लजना इमाल्लाह हैं, अल्लाह तआला की लौंडियां हैं। इसके आदेशों पर अमल करने वाली हैं और उसके संदेश को संसार में पहुंचाने वाले हैं।

अल्लाह तआला आप सबको इसकी तौफ़ीक़ अता फ़रमाए कि जो महान उद्देश्य जमाअत के सामने हैं उनको हम प्रत्येक रंग में हमेशा फैलाते चले जाएं और जो अल्लाह तआला हमें इनामात से नवाज़ रहा है उनका सही हक़ अदा करते हुए शुक्रगुज़ार बनते चले जाएं। अब दुआ कर लें।

भाषण के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला

शेष पृष्ठ 10 पर

''हे उस्मान हो सकता है कि अल्लाह तआला तुझे एक क़मीज़ पहनाए, यदि लोग तुझ से उस क़मीज़ को उतारने की मांग करें तो तू उनके कहने पर उसे कदापि न उतारना।'' (हदीस)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा र्राशिद ज़ूनुरैन हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु तो वह इन्सान थे जिन के सम्बन्ध में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि उन्होंने इस्लाम की इतनी ख़िदमात की हैं कि वह अब जो चाहें करें ख़ुदा उनको नहीं पूछेगा उनमें इतनी खूबियां पैदा हो गई थीं और वह नेकी में इस क़दर तरक़्क़ी कर गए थे कि यह संभव ही नहीं रहा था कि उनका कोई कर्म अल्लाह तआला के आदेशों के विरुद्ध हो

चार मरहूमीन श्रीमान अब्दुल क़ादिर साहिब (शहीद बाज़ीद ख़ैल पिशावर, श्रीमान अकबर अली साहिब असीराने राह-ए-मौला आफ़ शौकत कॉलोनी ज़िला ननकाना साहिब), श्रीमान ख़ालिद मेहमूदुल हसन भट्टी साहिब तीसरे वकीलुल माल तहरीक जदीद रब्वा और श्रीमान मुबारक अहमद ताहिर साहिब मुशीर क़ानूनी सदर अंजुमन अहमदिया पाकिस्तान का ज़िक्र-ए-ख़ैर और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 26 फ़रवरी 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने के ग़ज़वात और विजयों का वर्णन चल रहा था। आज वही वर्णन करूँगा। अली बिन मुहम्मद मदायनी वर्णन करते हैं कि तिब्रिस्तान पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में हज़रत सईद बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु ने 30 हिज्री में हमला किया, वहां लड़ाई हुई और क़िला फ़तह किया। (इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 102-103, सन 30 हिज्री दारुल फ़िकर 1998 ई.)

इसी तरह फ़तह अलस्वारी 31 हिज्री में है इसके बारे में आता है कि अधिकतर इतिहास की पुस्तकों में इस मार्के का स्थान निर्धारित नहीं किया गया है। अल्लामा इब्ने खुल्दून ने इस मार्के का स्थान सिकंदरया लिखा है। (इतिहास इब्ने खुल्दून भाग 2 पृष्ठ 575 विलायत अब्दुल्लाह बिन अबी सरा अली मिस्र और फ़तह अफ्रीका। दारुल फ़िकर बेरूत 2000 ई.) (अल्नजूम फिल्ज़ोहरा फ़ी मुलूक मिस्र-और-काहिरा , भाग 1 पृष्ठ 80 वर्णन वलायत इब्न अबी सरा अली मिस्र। दारुल कुतुब मिस्री 1929 ई.)

एक कथन के अनुसार 31 हिज्री में मुस्लमानों ने अहल-ए-रुम के साथ एक युद्ध लड़ा जिसे अलस्वारी कहा जाता है। अबू मशअर की रिवायत के अनुसार अलस्वारी का युद्ध 34 हिज्री में हुआ और असावेदाह का समुद्री युद्ध 31 हिज्री में हुआ। वाक़दी के अनुसार अलस्वारी का युद्ध और असावेदाह का युद्ध दोनों 31 हिज्री में हुए।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 115 अलस्वारी का युद्ध, सन 31 हिज्री, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

जब हज़रत अब्दुल्लाह बिन साअद बिन अबी सरह रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़िरंगियों अर्थात फ्रैंच और बरबरियों को अफ़रीका और अंदलुस में पराजय दी तो रूमी बड़े भड़के और सब मिल कर कुस्तुन्तुनिया बिन हरकल के पास जमा हुए और मुस्लमानों के मुक़ाबले में ऐसी फ़ौज लेकर निकले जिस की इस्लाम के आरम्भ से अब तक कोई उदाहरण नहीं देखी गई थी। यह लश्कर पाँच सौ समुद्री जहाज़ों पर आधारित था जो मुस्लमानों से मुक़ाबले के लिए निकला। अमीर मुआवीया ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन साअद बिन अबी सरा को समुद्री बेड़े का अमीर निर्धारित किया। जब दोनों लश्कर आमने-सामने हुए तो सख़्त मुक़ाबला हुआ। अंततः अल्लाह तआला की नुसरत से मुस्लमानों को फ़त्हा प्राप्त हुई और कुस्तुन्तुनिया और इसका बचा कुचा लश्कर भाग खड़ा हुआ। (उद्धरित तारीख तिब्री भाग 5 पृष्ठ 116 दारुल फ़िकर 1998 ई.)(उद्धरित अज़ बिदाया व्नाहाया इब्ने कसीर भाग 7 पृष्ठ 152-153 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान 2001ई.)

फ़तह अर्मीनिया 31 हिज्री में हुई। वाक़दी के कथन के अनुसार 31 हिज्री में हबीब बिन मसलम फैहरी के हाथ पर अर्मीनिया फ़तह हुआ।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 118 दारुल फ़िकर 1998 ई.)

फ़तह ख़ुरसान 31 हिज्री में हज़रत अब्दुल्लाह बिन आमिर ख़ुरासन् की तरफ़ रवाना हुए और उन्होंने अब (abarshahr) तूओस (tous) अबीवर् (abi-vard) और निसा (nesa) को फ़तह कर लिया यहां तक कि वह सरख (sarakhs) पहुंच गए। मरवा वालों (merv) ने भी इसी वर्ष सुलह कर ली।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 123 श्खूस अब्दुल्लाह बिन आमिर अली खुरासान-वा-मा काम बिमन फ़ुतूह। दारुल फ़िकर 1998 ई.)

यह मरोतर कमानिस्तान में है। अन्य क्षेत्र ईरान के हैं। बिलाद-ए-रुम की तरफ़ पेशक़दमी 32 हिज्री में हुई। 32 हिज्री में अमीर मुआवीया ने बिलाद-ए-रुम से युद्ध किया यहाँ तक कि वे क़ुस्तुनतुनिया के दरवाज़े पर जा पहुंचे।

(बिदाया व्नाहाया इब्ने कसीर भाग 7 पृष्ठ 155 दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत लुबनान 2001 ई.)

मरुरूज़, तलाकान, फरेयाब (faryab) जूओ (jowz) और तखारिस्तान (takhar) की विजय 32 हिज्री की हैं। 32 हिज्री में हज़रत अब्दुल्लाह बिन आमिर ने मरुरूज़, तलाकान वर्तमान अफ़ग़ानिस्तान में बलख़ और मरुरूज़, के मध्य इलाक़ा है, फ़ारियाब और जोज़ाजान से यह भी अफ़ग़ानिस्तान का इलाक़ा है। जोज़ाजान, यह भी अफ़ग़ानिस्तान का इलाक़ा है। त्रिखस्तान, यह भी अफ़ग़ानिस्तान का इलाक़ा है, ये सब क्षेत्र फ़तह किए। (इतिहास अल्तिबरी भाग 2 पृष्ठ 630 फ़तह मर्वारोज़ोकिस्तान अलफ़ारियाब-और -जूजान और तखारिस्तान, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1987 ई.) (सैर सहाबा भाग प्रथम पृष्ठ 168 दारुल इशात कराची 2004 ई.)

अबू अल् अशअब साअदी अपने पिता से रिवायत करते हैं कि अहनफ़ बिन कैस की म्रूरूज़ वालों, तलाकान फरेयाब और जू ज़ाजान यह रात के अंधेरे तक युद्ध जारी रहा यहाँ तक कि अल्लाह तआला ने दुश्मन को पराजय से दो-चार किया।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 130 फ़तह मर्ववाज़ और तालेकान और फरेयाब-और-अल्जूज़ जान-और-तख़ारिस्तान, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

अन्हफ़ बिन कैस ने अक्राह बिन हांबिस को एक घुड़सवार लश्कर के साथ जूज़ाजान की ओर रवाना किया। अकराह को इस बचे कुचे लश्कर की ओर भेजा गया था जिसे आहनफ़ पराजय दे चुका था। इसलिए अक्राह बिन हाबिस ने उनसे सख़्त युद्ध किया जिसमें उनके शह-सवार शहीद भी हुए जबकि अल्लाह तआला ने मुस्लमानों को फ़तह प्रदान की।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 130- 131 फ़तह मर्वारूज़ो वाल्तिल्कान वल्फारियाब जूजान और तखारिस्तान, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

बल्ख की फ़तह 32 हिज्री में हुई। अहनफ़ बिन क़ैस मर्वारूज़ो से बल्ख की तरफ़ गए और वहां जा कर अहल-ए-बल्ख का घेराव कर लिया। पुराना बल ख़ुरासान का एक महत्त्वपूर्ण शहर था और यह मौजूदा अफ़ग़ानिस्तान का सबसे पुराना शहर है। आज कल पुराना शहर खन्डर की शक्ल में मौजूद है। बलख़ दरिया के दाएं किनारे से 12 किल्लोमीटर दूर स्थित है। वहां के लोगों ने चार लाख की रक़म अदा करने पर सुलह का निवेदन किया जो अहनफ़ बिन कैस ने क़बूल कर

लिया। (इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 131 वर्णन सुलह अलअहनफ़ बलख़ वालों के साथ, दारुल फ़िकर 1998 ई.) (मोअज्जमुल बुल्दान भाग प्रथम पृष्ठ 568 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

हरात की मुहिम 32 हिज्री में हुई। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने खुलैद बिन अब्दुल्लाह बिन हनफ़ी को हारात बज़ागीज़ की ओर रवाना किया उन्होंने उन दोनों को फ़तह कर लिया लेकिन बाद में उन्होंने बग़ावत कर दी और कारिन बादशाह के साथ हो गए।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 131 वर्णन सुलह अल्हनफ़ बलख़ वालों के साथ, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

32 हिज्री में हज़रत अब्दुल्लाह बिन आमिर ने खुरासान पर कैस बिन हाशिम है को अपना जांनशीन निर्धारित किया और स्वयं वहां से रवाना हो गए।
(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 132 वर्णन सुलह हनफ़ बलख़ वालों के साथ, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

कारिन् ने मुस्लमानों के लिए एक बड़ी फ़ौज तैयार कर रखी थी। क़ैस बिन हाशिम ईमारत बदुल्लाह बिन खाज़िम के हवाले करके हज़रत अब्दुल्लाह बिन आमिर के पास मदद और कमक के लिए चले गए।

(इतिहास अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 132-133 वर्णन सुलह हनफ़ बलख़ वालों के साथ, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

क्योंकि फ़ौज काफ़ी थी जिसका मुक़ाबला था। अब्दुल्लाह बिन खाज़िम चार हज़ार की फ़ौज लेकर कारिन् के साथ युद्ध करने के लिए रवाना हुए। अब्दुल्लाह बिन खाज़िम ने छः सौ सिपाहीयों को हर प्रथम दस्ते के तौर पर आगे भेजा और उनके पीछे रवाना हुए। वह हर प्रथम दस्ता आधी रात को कारिन के लश्कर तक पहुंच गया और उन पर हमला कर दिया। इस अचानक हमले से दुश्मन भयभीत हो गया और जब मुस्लमानों की अन्य फ़ौज पहुंची तो दुश्मन की बुरी तरह पराजय हुई और क़ारिन क़तल हुआ। मुस्लमानों ने पीछा किया और बहुत से लोगों को क़तल और गिरफ़्तार कर के क़ैदी बना लिया। (इतिहास भाग 5 पृष्ठ 132 वर्णन सुलह हनफ़ बलख़ वालों के साथ, दारुल फ़िकर 1998 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में बर्र-ए-सग़ीर (पाकिस्तान-और-हिंदूस्तान की सरज़मीन) में इस्लाम पहुंच गया। इमाम अबू यूसुफ़ पुस्तक अलख़राज में इमाम ज़ोहरी के हवाले से लिखते हैं कि मिस्र और शाम हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने में फ़तह हुए और अफ़्रीका और खुरासान और सिंध का कुछ इलाक़ा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में फ़तह हुआ।

(पुस्तक अलख़राज अज़ इमाम अबू यूसुफ़ पृष्ठ 218 फ़सल फ़ी क़िताल अहले शिर्क व अहले बग़ी-व्-कैफ़ा यदउन, अल्मक्ताबा तोफीकिया 2013 ई.)

बर्र-ए-सग़ीर (पाकिस्तान और हिंदूस्तान की सरज़मीन) में इस्लाम की आमद के संबंध में एक रिवायत इस प्रकार मिलती है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में हज़रत अबैदुल्लाह बिन मोअमर को फ़ौज का एक दस्ता देकर मकरान और सिंध की तरफ़ भेजा गया। मकरान की विजय में उन्होंने ख़ूब बहादुरी की प्रतिभा दिखाई। इसके बाद इस नवाह के जीते गए इलाक़ों की इमारत उनके सपुर्द हुई।

(बर्र-ए-सग़ीर में इस्लाम के पहले नुक़ूश, मुहम्मद भट्टी पृष्ठ 63 नवंबर 2009 ई.)

हज़रत मुजाशी बिन मसऊद सुलम्मी के सम्बन्ध में लिखा है कि हज़रत मुजाशी ने मौजूदा अफ़्ग़ानिस्तान की राजधानी काबुल में इस्लामी फ़ौज के एक दस्ते की कमान करते हुए मुख़ालिफ़ीन-ए-इस्लाम से जिहाद किया। इतिहासकारों के निकट उस ज़माने में काबुल का शुमार हिंदुस्तान के देश में होता था। हज़रत मुजाशी ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के खिलाफ़त के समय में पाकिस्तान के प्रान्त बलोचिस्तान में मुख़ालिफ़ीन-ए-इस्लाम से युद्ध किया और इससे जुड़े क्षेत्र सजिस्तान पर झंडा लहराया। इसके बाद मुस्लमानों ने बर्र-ए-सग़ीर के इन इलाक़ों में रहने लगे और इसे अपना वतन क़रार दे दिया था। (बर्र-ए-सग़ीर में इस्लाम के प्रथम नुक़ूश, मुहम्मद भट्टी, पृष्ठ 65 नवंबर 2009 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में उपद्रव के विषय में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पीशगोईयां भी हैं। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे उस्मान हो सकता है कि अल्लाह तआला तुझे एक क़मीज़ पहनाए। यदि लोग तुझ से उस क़मीज़ को उतारने की मांग करें तो तू उनके कहने पर उसे कदापि न उतारना। यह तिरमिज़ी की रिवायत है।

(सुंन अलतिरमिज़ी अबवाब मुनाकिब बाब المناقب باب منع النبيﷺ عثمان ان لا يخلع... ,हदीस नंबर 3705)

सुंन इब्ने माजा में यह रिवायत इस तरह है। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन किया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे उस्मान यदि अल्लाह तआला किसी दिन यह कार्य तुम्हारे सपुर्द कर दे और मुनाफ़िक़ तुम से चाहें कि तुम अपनी क़मीज़ को जो अल्लाह ने तुम्हें पहनाई है उतार दो तो तुम उसे न उतारना। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह तीन दफ़ा फ़रमाया। रावी नोमान कहते हैं कि मैंने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से अर्ज़ किया कि आप रज़ियल्लाहु अन्हा को किस बात ने मना किया था कि आप रज़ियल्लाहु अन्हा लोगों को इस से अवगत करें? हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया मुझे यह बात भुला दी गई थी।

(सुंन इब्ने माजा इफ़्तिताह किताब ..... फ़ज़ल उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हदीस नंबर 112)

हज़रत काब बिन उजराह ने वर्णन किया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक उपद्रव का वर्णन फ़रमाया और उसे क़रीब बताया तो एक व्यक्ति गुज़रा। जब वर्णन फ़र्मा रहे थे तो वहां से एक व्यक्ति गुज़रा जिसने सिर ढाँपा हुआ था, चादर ओढ़ी हुई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि यह व्यक्ति उस दिन हिदायत पर होगा जब यह उपद्रव होगा। तो रावी कहते हैं कि मैंने छलांग लगाई और मैंने उस व्यक्ति को पकड़ा तो वह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु थे। उनको दोनों बाज़ुओं से पकड़ा। फिर मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ रुख किया और अर्ज़ किया -क्या यह? हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ यही। (सुंन इब्ने माजा इफ़्तिताह किताब ..... फ़ज़ल उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हा हदीस नंबर 111)

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन फ़रमाया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी बीमारी के मध्य फ़रमाया कि मैं चाहता हूँ कि मेरे पास कुछ सहाबा हों। हमने अर्ज़ क्या या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम !क्या हम आपकी ख़िदमत में अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु को न बुला लें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ामोश रहे। फिर हमने कहा क्या हम आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को न बुला लें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ामोश रहे। फिर हमने कहा क्या हम आपकी ख़िदमत में उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को न बुला लें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ। वह आए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनसे तन्हाई में मिले और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनसे बात चीत फ़रमाने लगे और उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के चेहरे का रंग बदल रहा था। क़ैस कहते हैं मुझ से अबू साहले जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद किए गए ग़ुलाम थे उन्होंने वर्णन किया कि हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु अद्दार के दिन के अवसर पर वर्णन किया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे एक ताकीदी इरशाद फ़रमाया था और मैं उस की तरफ़ जा रहा हूँ। रावी वर्णन करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया।اَنَا صَابِرٌ عَلَيْهِ मैं इस पर मज़बूती से क़ायम हूँ।

अद्दार का दिन उस दिन को कहा जाता है जिस दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को मुनाफ़िक़ों ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु के घर में कैद कर दिया था और फिर इंतिहाई बेदर्दी से शहीद कर दिया।

(सुंन इब्ने माजा इफ़्तिताह किताब ... फ़ज़ल उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हदीस नंबर 113 हाशिये के साथ)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के खिलाफ़त के समय में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़ और इसके कारणों के बारे में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने बड़ी तफ़सील से वर्णन फ़रमाया है। आप फ़रमाते हैं :

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु "ये दोनों बुज़ुर्ग इस्लाम के प्रथम क़ुर्बानी देने वालो में से हैं और उनके साथी भी इस्लाम के बेहतरीन समरात में से हैं। उनकी दियानत और उनके तक़्वा पर आरोप का आना वास्तव में इस्लाम की ओर बदनामी का मंसूब होना है। और जो मुस्लमान भी सच्चे दिल से इस हक़ीक़त पर ग़ौर करेगा उसको इस नतीजे पर पहुंचना पड़ेगा कि उन लोगों का वजूद वास्तव में समस्त प्रकार की धड़े बंदीयों से ऊँचा और बड़ा है और यह बात बिना तर्क के नहीं बल्कि इतिहास के औराक़ उस व्यक्ति के लिए

जो आँख खोल कर उन पर नज़र डालता है इस अमर पर शाहिद हैं। जहां तक मेरी तहक़ीक़ है इन बुज़ुर्गों और उनके दोस्तों से सम्बंधित जो कुछ वर्णन किया जाता है वे इस्लाम के दुश्मनों की कार्रवाई है और जबकि साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो के बाद कुछ मुस्लमान कहलाने वालों ने भी अपनी नफ़सानियत के अंतर्गत इन बुज़ुर्गों में से एक या दूसरे पर आरोप लगाए हैं लेकिन बावजूद इसके सच्चाई हमेशा बुलंद-ओ-बाला रही है और हक़ीक़त कभी पर्दे के नीचे नहीं छुपी।" (इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 249)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के विरुद्ध जो उपद्रव उठा था उसके बारे में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि " सवाल यह है कि यह उपद्रव कहाँ से पैदा हुआ? इसका कारण कुछ लोगों ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़रार दिया है और कुछ ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को। कुछ कहते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कुछ बिद्दतें शुरू कर दी थीं जिनसे मुस्लमानों में जोश पैदा हो गया और कुछ कहते हैं कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने खिलाफ़त के लिए गुप्त प्रयास शुरू कर दिए थे और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के विरुद्ध मुख़ालिफ़त पैदा करके उन्हें क़तल करा दिया ताकि स्वयं ख़लीफ़ा बन जाएं।" हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं "लेकिन ये दोनों बातें ग़लत हैं। न हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कोई बिद्दत जारी की और न हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने स्वयं ख़लीफ़ा बनने के लिए उन्हें क़तल करवाया या उनके क़तल की योजना में शरीक हुए बल्कि इस उपद्रव के और ही कारण थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का दामन इस प्रकार के आरोपों से बिल्कुल पवित्र है। वह अत्याधिक मुक़द्दस इन्सान थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु तो वह इन्सान थे जिनके सम्बन्ध में हज़रत रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि उन्होंने इस्लाम की इतनी ख़िदमात की हैं कि वह अब जो चाहें करें ख़ुदा उनको नहीं पूछेगा यह तिरमिज़ी की रिवायत है। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं "इस का यह अर्थ नहीं था कि चाहे वह इस्लाम से ही अलग हो जाएं तो भी पकड़ नहीं होगा बल्कि यह था" अर्थ इसका "कि उनमें इतनी खूबियां पैदा हो गई थीं और वह नेकी में इस क़दर तरक़्क़ी कर गए थे कि यह संभव ही नहीं था कि उनका कोई कार्य अल्लाह तआला के आदेशों के विरुद्ध हो। अत: हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ऐसे इन्सान नहीं थे कि वह कोई शरीयत के विरुद्ध बात जारी करते और न हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ऐसे इन्सान थे कि खिलाफ़त के लिए गुप्त मंसूबे करते।"

(इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 253-254)

फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन फ़रमाते हैं कि "हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के खिलाफ़त के आरंभ में छ: वर्ष तक हमें कोई उपद्रव नज़र नहीं आता बल्कि मालूम होता है कि लोग आम तौर पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु से ख़ुश थे बल्कि इतिहास से मालूम होता है कि उस समय में वे हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से भी ज़्यादा लोगों को महबूब थे''अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से भी ज़्यादा लोगों को महबूब थे'' केवल महबूब ही नहीं थे बल्कि लोगों के दिलों में आप रज़ियल्लाहु अन्हु का भय भी था जैसा कि उस वक़्त का कवि इस बात की कविताओं में गवाही देता है और कहता है कि उपद्रवियों! उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की हुकूमत में लोगों का माल लूट कर न खाओ क्योंकि इब्ने अफ्फ़ान वह है जिस का तजुर्बा तुम लोग कर चुके हो। वह लुटेरों को क़ुरआन के आदेशों के अंतर्गत क़तल करता है और हमेशा से इस क़ुरआन-ए-करीम के आदेशों की हिफ़ाज़त करने वाला और लोगों के आज़ा-और-जवारेह पर उसके आदेश जारी करने वाला है। लेकिन छ: वर्ष के बाद सातवें वर्ष हमें एक तहरीक नज़र आती है और वह तहरीक हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के विरुद्ध नहीं बल्कि या तो साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो के विरुद्ध है या कुछ गवर्नरों के विरुद्ध। इसलिए तिबरी वर्णन करता है कि लोगों के हुक़ूक़ का हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पूरा ख़्याल रखते थे परन्तु वे लोग जिनको इस्लाम में सबक़त और क़दामत प्राप्त नहीं थी वे साबक़ीन और क़दीम मुस्लमानों के बराबर न तो मजालिस में सम्मान पाते और न हुकूमत में उनको उनके बराबर हिस्सा मिलता और न माल में उनके बराबर उनका हक़ होता था। इस पर कुछ मुद्दत के बाद कुछ लोग इस तफ़ज़ील पर गिरिफ़त करने लगे और उसे ज़ुलम क़रार देने लगे परन्तु ये लोग आम मुसलमानों से डरते भी थे और इस ख़ौफ़ से कि लोग उनकी मुख़ालिफ़त करेंगे अपने विचार को ज़ाहिर नहीं करते थे बल्कि उन्होंने यह तरीक़ इख़तियार किया हुआ था कि छुप छुप कर साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो के विरुद्ध लोगों में जोश फैलाते थे और जब कोई अज्ञान मुस्लमान या कोई बदवी ग़ुलाम आज़ाद शूदा मिल जाता तो उसके सामने अपनी शिकायातों का दफ़्तर खोल बैठते थे और अपनी अज्ञानता की वजह से या स्वयं अपने लिए पद की प्रप्ति के लिए कुछ लोग उनके साथ मिल जाते। होते होते ये गिरोह संख्या में ज़्यादा होने लगा और इसकी एक बड़ी संख्या हो गई।'' हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "जब कोई उपद्रव पैदा होना होता है तो उस के कारण भी ग़ैरमामूली तौर पर जमा होने लगते हैं। उधर तो कुछ हसद करने वालों में साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो के विरुद्ध जोश पैदा होना शुरू हुआ उधर वे इस्लामी जोश जो आरंभ में हर एक मज़हब तबदील करने वाले के दिल में होता है इन नए मुसलमानों के दिलों से कम होने लगा जिनको न रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सोहबत मिली थी और न आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सोहबत याफताह लोगों के पास ज़्यादा बैठने का अवसर मिला था बल्कि इस्लाम के क़बूल करते ही उन्होंने ख़्याल कर लिया था कि वह सब कुछ सीख गए हैं। जोश-ए-इस्लाम के कम होते ही वह तसर्रुफ़ जो उनके दिलों पर इस्लाम को था कम हो गया और वह फिर इन मआसी में ख़ुशी महसूस करने लगे जिसमें वह इस्लाम लाने से पहले ग्रस्त थे। उनके अपराधों पर उनको सज़ा मिली तो अतिरिक्त इस्लाह के सज़ा देने वालों की विध्वंसकारी हुए और आख़िर इस्लाम की एकता में एक बहुत बड़ा रौक पैदा करने का कारण साबित हुए। इन लोगों का केंद्र तो कूफ़ा में था परन्तु सबसे ज़्यादा आश्चर्य की बात यह है कि स्वयं मदीना मुनव्वरा में एक ऐसी घटना हुई जिससे मालूम होता है कि उस वक़्त कुछ लोग इस्लाम से ऐसे ही अनभिज्ञ थे जैसे कि आजकल कुछ अत्याधिक अंधकार के एकान्त स्थान में रहने वाले जाहिल लोग।

हुमरान इब्ने आबान एक व्यक्ति था जिसने एक औरत से उसकी इद्दत के मध्य में ही निकाह कर लिया। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को इस का इलम हुआ तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु इस पर नाराज़ हुए और उस औरत को इससे जुदा कर दिया और इसके अतिरिक्त उसको मदीना से" उस व्यक्ति को मदीना से'' निकाल कर बस्रा भेज दिया। इस घटना से मालूम होता है कि किस तरह कुछ लोग केवल इस्लाम को क़बूल करके अपने आप को इस्लाम का विद्वान समझने लगे थे और ज़्यादा तहक़ीक़ की ज़रूरत नहीं समझते थे या ये कि विभिन्न अवैध को वैध समझने के विचार के अंतर्गत शरीयत पर अमल करना एक व्यर्थ कार्य ख़्याल करते थे।''

(इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 262-263)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "हक़ यही है कि यह सब विद्रोह एक गुप्त योजना का परिणाम था जिसके असल बानी यहूदी थे जिनके साथ दुनियावी लालच में ग्रस्त कुछ मुस्लमान जो दीन से निकल चुके थे शामिल हो गए थे अन्यथा शहर के आलिमों का न कोई क़सूर था न वे इस उपद्रव के कारण थे।'' कुछ यहूदी इसके संस्थापक थे और उनके साथ कुछ मुस्लमान भी मिल गए थे। बहरहाल जो विभिन्न उमरा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की तरफ़ से निर्धारित किए गए थे उनका कोई क़सूर नहीं था न ही वे इस उपद्रव का कारण बने थे। "उनका केवल इसी क़दर क़सूर था कि उनको हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस काम के लिए निर्धारित किया था और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का यह क़सूर था कि बावजूद वृद्धा-वस्था और शारीरिक दुर्बलता के इस्लाम की इत्तिहाद की रस्सी को अपने हाथों में पकड़े बैठे थे और उम्मते इस्लामिया का बोझ अपनी गर्दन पर उठाए हुए थे और शरीअत-ए-इस्लाम के क़ियाम की फ़िक्र रखते थे और धर्म से विमुखता करने वाले और ज़ालिमों को अपनी इच्छा अनुसार कमज़ोरों और बे वारिसों पर ज़ुल्म और अत्याचार करने नहीं देते थे। इसलिए इस बात की तसदीक़ इस घटना से भी होती है कि कूफ़ा में इन्ही उपद्रव चाहने वालों की एक मज्लिस बैठी और इस में उपद्रव और मुसलमानों के मामलात पर बात चीत हुई तो सब लोगों ने बिलइत्तिफ़ाक़ यही राय दी। لَاوَاللّٰہِ لَا یَرۡ فَعُ رَأۡسٌ مَا دَامَ عُثۡمَانُ عَلَی النَّاسِ अर्थात कोई व्यक्ति उस वक़्त तक सिर नहीं उठा सकता जब तक कि उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की हुकूमत है। उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ही का एक वजूद था जो उद्दण्ता से रोके रखे हुए था। इस का मध्य से हटाना आज़ादी से अपनी मुरादें पूरी करने के लिए ज़रूरी था।"

(इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 282-283)

इस उपद्रव का वर्णन करते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु मज़ीद वर्णन फ़रमाते हैं कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन उपद्रवियों को भी बुलवाया और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा को भी जमा किया। जब सब लोग जमा हो गए तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन लोगों का सब हाल सुनाया और वह दोनों मुख़्बिर भी बतौर गवाह खड़े हुए और गवाही दी जिन्हों ने ख़बरें हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को पहुंचाई थीं कि उपद्रवियों क्या उपद्रव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर सब सहाबा ने फ़तवा दिया कि उन लोगों को क़तल कर दिया जाए। ये जो उपद्रवियों हैं जो इस्लाह के नाम पर उपद्रव फैला रहे हैं उनको क़तल कर दें क्योंकि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि जो व्यक्ति ऐसे वक़्त में कि एक इमाम मौजूद हो अपनी इताअत या किसी और की इताअत के लिए लोगों को बुलाएँ उस पर ख़ुदा की लानत हो। तुम ऐसे व्यक्ति को क़तल कर दो ख़ाह कोई हो। यह मुस्लिम की रिवायत है और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का यह कथन याद दिलाया कि मैं तुम्हारे लिए किसी ऐसे व्यक्ति का क़तल जायज़ नहीं समझता जिस में मैं शरीक न हूँ। अर्थात अतिरिक्त हुकूमत के इशारे को कि किसी व्यक्ति का क़तल जायज़ नहीं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने सहाबा का यह फ़तवा सुनकर फ़रमाया कि नहीं। हम उन को माफ़ करेंगे और उनके बहानों को क़बूल करेंगे और अपने सारे प्रयासों से उनको समझावेंगे और किसी व्यक्ति की मुख़ालिफ़त नहीं करेंगे जब तक कि वे किसी हद्द-ए-शरियत को न तोड़े या इज़हारे कुफ़्र न करे। फिर फ़रमाया कि इन लोगों ने कुछ बातें वर्णन की हैं जो तुम को भी मालूम हैं परन्तु उनका ख़्याल है कि वे इन बातों के सम्बन्ध में मुझसे बेहस करेंगे ताकि वापस जा कर कह सकें कि हमने इन विषयों से सम्बंधित उस्मान से बेहस की और वह हार गए। ये लोग कहते हैं कि उसने यात्रा में अर्थात हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में कहते हैं कि उसने यात्रा में पूरी नमाज़ अदा की। एक यात्रा के मध्य में मक्का में पूरी नमाज़ अदा की हालाँकि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम यात्रा में नमाज़ कसर (छोटी) किया करते थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं परन्तु मैंने केवल मिना में पूरी नमाज़ पढ़ी है और वह भी दो कारणों से। एक तो यह कि मेरी वहां जायदाद थी और मैंने वहां शादी की हुई थी। दूसरा यह कि मुझे मालूम हुआ था कि चारों तरफ़ से लोग इन दिनों हज के लिए आए हैं। उनमें से अज्ञान लोग कहने लगेंगे कि ख़लीफ़ा तो दो रकात पढ़ता है और इसलिए नमाज़ दो रकात ही होगी। क्या यह बात दरुस्त नहीं? हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो से पूछा क्या यह बात दरुस्त नहीं? साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो ने जवाब दिया कि हाँ दरुस्त है। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाया : दूसरा आरोप यह लगाते हैं कि मैंने रख निर्धारित करने की बिद्दत जारी की है हालाँकि यह आरोप ग़लत है। रख मुझसे पहले निर्धारित की गई थी। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसका प्रारम्भ किया था और मैंने केवल सदक़ा के ऊंटों की ज़्यादती पर इस को वसीअ किया था। जो सरकारी चरागाह थी जहां जानवर रखे जाते थे उसको वसीअ किया था और फिर रख में जो ज़मीन लगाई गई है वह किसी का माल नहीं है। यह सरकारी ज़मीन थी और मेरा इस में कोई फ़ायदा भी नहीं है। मेरे तो केवल दो ऊंट हैं हालाँकि जब मैं ख़लीफ़ा बना था उस समय में सब अरब से ज़्यादा मालदार था। तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा उस वक़्त मेरे पास केवल दो ऊंट हैं और मैं सबसे ज़्यादा मालदार था जब ख़लीफ़ा मुंतख़ब हुआ था। अब केवल दौ ऊंट हैं जो हज के लिए रखे हुए हैं। क्या यह दरुस्त नहीं है? साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो ने अर्ज़ किया कि हाँ दरुस्त है। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि यह कहते हैं कि नौजवानों को हाकिम बनाता है हालाँकि में ऐसे ही लोगों को हाकिम बनाता हूँ जो नेक सिफ़ात, नेक व्यवहार करते हैं और मुझसे पहले बुज़ुर्गों ने मेरे निर्धारित किए वालियों से ज़्यादा नौ उम्र लोगों को हाकिम निर्धारित किया था और रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर उसामा बिन ज़ैद के सरदार लश्कर निर्धारित करने पर इस से ज़्यादा आरोप किए गए थे जो अब मुझ पर किए जाते हैं। क्या यह दरुस्त नहीं? साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो ने अर्ज़ किया कि हाँ दरुस्त है। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि ये लोगों के सामने बुराइयाँ तो वर्णन करते हैं परन्तु असल घटनाएँ नहीं वर्णन करते। ग़रज़ इसी तरह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने समस्त आरोपों का एक-एक करके वर्णन किया और उनके जवाब वर्णन किए। साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो बराबर ज़ोर देते कि इन उपद्रवियों को क़तल कर दिया जाए परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनकी यह बात नहीं मानी और उनको छोड़ दिया। तिबरी कहता है कि اَبَی الْمُسْلِمُوْنَ اِلَّا قَتْلَهُمْ وَ اَبٰی اِلَّا تَرْکَهُمْ अर्थात अन्य सब मुस्लमान तो उन लोगों के क़तल के अतिरिक्त किसी बात पर राज़ी नहीं होते थे परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु सज़ा देने पर किसी तरह राज़ी नहीं होते थे।

इस घटना से मालूम होता है कि मुफ़सिद लोग किस-किस प्रकार के छल और छल से काम करते थे और इस ज़माने में जबकि प्रैस और यात्रा की सामग्री की वह व्यवस्था नहीं थी जो आजकल है। कैसा आसान था कि ये लोग अज्ञान लोगों को गुमराह कर दें। असल में इन लोगों के पास कोई उचित कारण उपद्रव का नहीं था। न हक़ उनके साथ था न यह हक़ के साथ थे। उनकी समस्त कार्यवाईयों का दार-ओ-मदार झूठ और बातिल पर था और केवल हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का रहम उनको बचाए हुए था अन्यथा मुस्लमान उनको टुकड़े-टुकड़े कर देते। वे अर्थात साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते थे और जो पुराने मुस्लमान थे ये बर्दाश्त नहीं कर सकते थे कि वे अमन-ओ-अमान जो उन्होंने अपनी जानें क़ुर्बान करके प्राप्त किया था चंद शरीरों की शरारतों से इस तरह जाता रहे और वे देखते थे कि ऐसे लोगों को जल्द सज़ा नहीं दी गई तो इस्लामी हुकूमत ते-और-बाला हो जाएगी परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु पूर्णता रहम थे। वह चाहते थे कि जिस तरह हो उन लोगों को हिदायत मिल जाए और यह कुफ़्र पर न मरें। अत: आप रज़ियल्लाहु अन्हु ढील देते थे और उनके स्पष्ट बग़ावत के कर्यों को केवल इरादा बग़ावत से ताबीर करके सज़ा को पीछे डालते चले जाते थे।

इस घटना से यह भी मालूम होता है कि सहाबा उन लोगों से बिल्कुल मुतनफ़्फ़िर थे क्योंकि प्रथम तो स्वयं वह वर्णन करते हैं कि केवल तीन मदीना वाले हमारे साथ हैं अर्थात उपद्रवियों ने केवल तीन मदीना वालों का नाम लिया जो उन के साथ थे इससे ज़्यादा नहीं। यदि और सहाबा भी उनके साथ होते तो वह उनका नाम भी लेते। दूसरे साहाबा रज़ियल्लाहो अन्हो ने अपने अमल से यह भी साबित कर दिया कि वह उन लोगों के कार्यों से घृणा करने वाला थे और उनके कार्यों को ऐसा शरीयत के विरुद्ध समझते थे कि सज़ा क़तल से कम उनके निकट जायज़ ही नहीं थी। यदि सहाबा उनके साथ होते या अहल मदीना उनके हम-ख़याल होते तो किसी मज़ीद हीला-और-बहाने के इन लोगों को कोई ज़रूरत ही नहीं थी। उसी वक़्त वे लोग हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल कर देते यदि मदीना वाले बहुत सारे उनके साथ होते और उनकी जगह किसी और व्यक्ति को खिलाफ़त के लिए मुंतख़ब कर लेते। परन्तु हम देखते हैं कि अतिरिक्त इस के कि यह लोग हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल में सफल होते स्वयं उनकी जानें सहाबा की नंगी तलवारों से ख़तरे में पड़ गई थीं और केवल उसी रहीम-और-करीम वजूद की इनायत-और-मेहरबानी से ये लोग बच कर वापस जा सके जिसके क़तल का इरादा ज़ाहिर करते थे और जिसके विरुद्ध इस क़दर उपद्रव कर रहे थे। इन उपद्रवियों के द्वेष और तक़्वा से असमानता पर आश्चर्य आता है। इस घटना से उन्होंने कुछ भी फ़ायदा नहीं उठाया। उनके एक एक आरोप का ख़ूब जवाब दिया गया और सब आरोप ग़लत और बे-बुनियाद साबित कर दिए गए। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का रहम-ओ-करम उन्होंने देखा और हर एक व्यक्ति की जान इस पर गवाही दे रही थी कि इस व्यक्ति का मसील उतना रहम करने वाला इस वक़्त दुनिया के पर्दे पर नहीं मिल सकता परन्तु अतिरिक्त इसके कि अपने गुनाहों से तौबा करते, अन्यायपूर्ण कार्य पर शर्मिंदा होते, अपनी ग़लतीयों पर नादिम होते, अपनी शरारतों से रुजू करते। ये लोग द्वेष की आग में और भी ज़्यादा जलने लगे और अपने लाजवाब होने को अपना अपमान और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बहुत ज़्यादा माफ़ करने को और अपनी योजनाओं का प्रतिफल समझते हुए भविष्य के लिए अपनी बक़ीया तजवीज़ के पूरे करने की तदाबीर सोचते हुए ये लोग वापस चले गए।

(उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 293 से 296)

ये सिलसिला अभी जारी है। भविष्य में इन शा अल्लाह (वर्णन) होगा।

इस वक़्त मैं कुछ मरहूमीन का वर्णन करना चाहता हूँ जिनकी पिछले दिनों वफ़ात हुई है। उनमें सबसे पहले तो एक शहीद हैं अब्दुल क़ादिर साहिब पुत्र बशीर अहमद साहिब क्लिनिक स्थान बाज़ीद ख़ैल पिशावर पर काम करते थे। उनको 11 फ़रवरी को शहीद किया गया था। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।

तफ़सीलात के अनुसार अब्दुल क़ादिर साहिब अपने चचा मरहूम डाक्टर मंज़ूर

अहमद साहिब के क्लीनिक स्थित बाज़ीद ख़ैल पिशावर पर काम करते थे। शहीद मरहूम अन्य लोगों जमाअत के साथ जो क्लीनिक पर मौजूद थे, एक कमरे में नमाज़ ज़ुहर के लिए जमा थे कि मरीज़ों की साईड से कमरे की bell हुई जिस पर अब्दुल क़ादिर साहिब ने दरवाज़ा खोला तो मरीज़ के रूप में वहां मौजूद लड़के ने उन पर फायरिंग कर दी जिस से वह शदीद घायल हो गए। सीने में दो गोलीयां लगीं। फ़ौरी तौर पर हस्पताल ले जाया गया जहां ज़ख़मों की अत्याधिकता के कारण अब्दुल क़ादिर साहिब शहीद हो गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। शहीद मरहूम की आयु 65 वर्ष थी। बहरहाल पुलिस ने पकड़ लिया या लोगों ने क़ातिल को पकड़ कर पुलिस के सपुर्द कर दिया। शहीद मरहूम की फ़ैमिली को अन्य अहमदी फ़ैमिलीज़ के साथ लम्बे अर्से से शदीद मुख़ालिफ़ाना हालात का सामना था। 19 जनवरी 2009 ई. को मज़हबी इंतिहा पसंदों ने इसी क्लीनिक पर हमला कर दिया था जिसके नतीजा में श्रीमान अब्दुल क़ादिर साहिब की टांग में गोली लगी थी जिसके आधार पर पिशावर से हिज्रत पर मजबूर हुए थे और समय के बाद पिशावर जा कर रिहायश पज़ीर हो सके थे। वर्तमान मुख़ालिफ़ाना लहर के नतीजा में तक़रीबन दो महीने पहले पुन: जमाअत की हिदायत के नतीजा में रब्वा हिज्रत पर मजबूर हुए। उनकी फ़ैमिली अब रब्वा में ही मुक़ीम है। जबकि शहीद मरहूम स्वयं नौकरी के कारण बाज़ीद ख़ैल में वर्णित क्लीनिक पर चले गए और वहीं रहते रहे थे।

